होकर उप पंजीयक निम्बाहेडा द्वारा पंजीयन की गई है। प्रार्थी कम्पनी इस खनन क्षेत्र में अवाप्त की गई भूमि पर खनन कार्य कर रही है तथा करेगी। विपक्षी की खातेदारी एवं कब्जेयाबी की ग्राम मालियाखेडी तहसील निम्बाहेडा में खाता नम्बर 75 में उल्लेखित कृषि भूमि के खसरा नम्बर 213 क्षेत्रफल 0.35 हैक्टेयर में से 0.04 हैक्टेयर (पूर्व दिशा की और) में विपक्षी का सम्पूर्ण हक एवं हिस्सा निहित है। विपक्षी की खातेदारी एवं कब्जेयाबी की ग्राम मालियाखेडी तहसील निम्बाहेडा के खसरा नम्बर 213 क्षेत्रफल 0.35 हैक्टेयर में से 0.04 हैक्टेयर (पूर्व दिशा की और) में सम्पूर्ण हक एवं हिस्से की प्रार्थी कंपनी को खनन के आनुषंगिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है। विपक्षी की खातेदारी एवं कब्जेयाबी की कृषि भूमि की प्रार्थी कम्पनी को अपनी माईनिंग लीज क्षेत्र में खनन–प्रयोजनार्थ एवं अन्य आनुषंगिक प्रयोजनार्थ **(Subsidiary purposes)** आवागमन हेतु सडक निर्माण एवं श्रमिकों के आवास गृहों के निर्माण हेतु प्रार्थना पत्र में उल्लेखित कृषि भूमि के खसरा नंबर 481/31 क्षेत्रफल 0.02 हैक्टेयर खसरा नम्बर 213 क्षेत्रफल 0.35 हैक्टेयर में से 0.04 हैक्टेयर (पूर्व दिशा की और) में सम्पूर्ण हक एवं हिस्सा निहित है उक्त भूमि की प्रार्थी कंपनी को आवश्यकता है। उक्त कृषि भूमि अभाव में प्रार्थी कंपनी को सीमेंट उद्योग के लिये कच्चा माल (लाइम स्टोन) फैक्ट्री में उपलब्ध नहीं हो सकेगा तथा श्रमिकों के आवास गृह के अभाव में कंपनी द्वारा सीमेंट उत्पादन किया जाना संभव नहीं हो सकेगा। प्रार्थी कंपनी को उक्त भूमि के अलावा खनन प्रयोजनार्थ आवागमन एवं अन्य आनुषंगिक प्रयोजनार्थ **(Subsidiary purposes)** कार्यों हेतु माईनिंग लीज क्षेत्र में वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। अतः विपक्षी की खातेदारी एवं कब्जेयाबी की उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 89(02) एवं (04) के अन्तर्गत खनन के आनुषंगिक प्रयोजनार्थ अवाप्त किया जाना न्यायोचित है। प्रार्थी कंपनी को सीमेंट उत्पादन के लिये आवश्यक खनन–कार्यों के आनुषंगिक प्रयोजनार्थ **(Subsidiary purposes)** प्रार्थना पत्र में उल्लेखित कृषि भूमि की आवश्यकता होने से प्रार्थी कंपनी राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 89 (02) एवं (04) के अनुसार विपक्षी की उक्त भूमि की मुआवजा राशि का निर्धारण कराने की अधिकारिणी है। प्रार्थी कम्पनी माननीय न्यायालय द्वारा पारित अवार्ड के अनुसार विपक्षी को उक्त भूमि की मुआवजा राशि का भुगतान करने हेतु तत्पर एवं तैयार है। प्रार्थी कंपनी को प्रार्थना पत्र में उल्लेखित कृषि भूमि की खनन के अन्य आनुषंगिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है। उक्त कृषि भूमि के अभाव में प्रार्थी कंपनी का खनन उत्पादन का कार्य विपरित रूप से प्रभावित होगा। अवाप्त की जाने वाली कृषि भूमि की मुआवजा राशि प्राप्त कर विपक्षी अन्यत्र भूमि क्रय कर सकेगें जिससे विपक्षी को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। अतः प्रार्थना पत्र में उल्लेखित भूमि के लिये राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 89 (02) एवं (04) के अन्तर्गत खनन प्रयोजनार्थ मुआवजा राशि का निर्धारण किया जाना न्यायोचित है। विपक्षी संख्या 1 ने विपक्षी संख्या 2 आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड शाखा निम्बाहेडा से ऋण प्राप्त कर खाता नम्बर 75 में उल्लेखित कृषि भूमि को बैंक के यहॉ रहन रखा है। भूमि बैंक के यहॉ रहन होने एवं विपक्षी संख्या 1 विपक्षी संख्या 2 की बकाया ऋण अदायगी हेतु उत्तरदायी होने से

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

